भारत सरकार /Govt. of India
कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय / Ministry of Skill Development & Entrepreneurship
प्रशिक्षण महानिदेशालय / Directorate General of Training
**राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान ( महिला )**
**NATIONAL SKILL TRAINING INSTITUTE (WOMEN)**
**(Erstwhile -REGIONAL VOCATIONAL TRAINING INSTITUTE FOR WOMEN)**
सुखलिया रोड नंदा नगर इंदौर – 452011
Sukhliya Road, Nanda Nagar, Indore – 452011
Phone: 0731 2991471, E-mail - nstiw-indore@dgt.gov.in

**फाइल सं: NSTII-Trg-11033/2015/ 760** **दिनांक: 04/11/2025**

**विषय:** "प्रशिक्षु अधिनियम, 1961" के अंतर्गत "कॉस्मेटोलॉजी" एवं "कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (COPA)" ट्रेड्स में अप्रेंटिसेज़ की नियुक्ति हेतु विज्ञापन।

**ऑनलाइन आवेदन करें**

**चरण – I : अपना NAPS पंजीकरण नंबर प्राप्त करें**

उम्मीदवारों को सबसे पहले NAPS (National Apprenticeship Promotion Scheme) की वेबसाइट 👉 https://apprenticeshipindia.gov.in पर जाकर 'COMPUTER OPERATOR AND PROGRAMMING ASSISTANT (COPA)' या 'COSMETOLOGY' में से किसी एक ट्रेड में (अभ्यर्थी / छात्र) के रूप में पंजीकरण करना होगा तथा सभी आवश्यक दस्तावेज अपलोड करके अपनी प्रोफ़ाइल पूर्ण / अद्यतन करनी होगी।

**चरण – II : आवेदन पत्र भरें**

पंजीकरण पूर्ण होने के बाद उम्मीदवारों को आवेदन पत्र भरना होगा।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें – फोन: 0731 2991471 / ई-मेल- nstiw-indore@dgt.gov.in

**महत्वपूर्ण तिथियाँ**

- आवेदन प्रारंभ होने की तिथि: 07.11.2025
- आवेदन की अंतिम तिथि: 16.11.2025

**पात्रता मानदंड (Eligibility Criteria)**

वे उम्मीदवार जो शैक्षणिक योग्यता रखते हैं और जिनका अंतिम परीक्षा परिणाम घोषित हो चुका है तथा जो अप्रेंटिस अधिनियम, 1961 के अनुसार चिकित्सकीय रूप से योग्य हैं, वे NSTI (W) इंदौर में अप्रेंटिसशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं।

निम्नलिखित उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे –

- जिनका अंतिम परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हुआ है।
- जिनकी आयु 18 वर्ष से कम है।
- जिन्होंने किसी भी संस्था में किसी अवधि के लिए अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण किया है।
- जिनके पास 1 वर्ष से अधिक का कार्य अनुभव है।

**सामान्य निर्देश (General Instructions)**

- यदि किसी उम्मीदवार को अयोग्य पाया जाता है / झूठी जानकारी या दस्तावेज प्रस्तुत किए जाते हैं, तो उसे किसी भी चरण पर अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
- अपूर्ण आवेदन या बिना आवश्यक दस्तावेजों के आवेदन को बिना सूचना के अस्वीकार कर दिया जाएगा।
- अंतिम / समेकित अंकतालिका में अंतिम परीक्षा (सेमेस्टर नहीं) के प्रतिशत अंक और परिणाम घोषणा की तिथि स्पष्ट रूप से अंकित होनी चाहिए।
- यदि प्रतिशत अंक अंकतालिका में नहीं दिए गए हैं, तो उम्मीदवार को कॉलेज / विश्वविद्यालय द्वारा जारी Percentage Conversion Letter अपलोड करना होगा।
- यदि परिणाम घोषणा की तिथि अंकतालिका में नहीं दी गई है, तो कॉलेज / विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रमाणपत्र / प्रमाणपत्र पत्र संलग्न करना होगा।

**ध्यान दें:**
NSTI (W) इंदौर में अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण की अवधि पूरी होने के पश्चात उम्मीदवार का इस संस्था में किसी भी प्रकार के स्थायी रोजगार पर कोई दावा नहीं होगा।

**चयन प्रक्रिया (Selection Procedure)**

- उम्मीदवारों का शॉर्टलिस्टिंग संबंधित ट्रेड में निर्धारित योग्यता परीक्षा में प्राप्त अंकों के प्रतिशत के आधार पर की जाएगी।
- शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को उनके पंजीकृत ईमेल आईडी के माध्यम से सूचित किया जाएगा।
- चयनित उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन / साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना होगा।
  (किसी भी प्रकार का TA/DA देय नहीं होगा।)
- दस्तावेज़ सत्यापन, चिकित्सीय प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने और अप्रेंटिसशिप अनुबंध निष्पादन के पश्चात उम्मीदवारों को अप्रेंटिसशिप एंगेजमेंट लेटर जारी किया जाएगा।

हैदरा गणपति

**- उप निदेशक / प्राचार्य**
**एनएसटीआई (डब्ल्यू), इंदौर**